आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 04 लखनऊ, मंगलवार 28 अप्रैल से 06 मई, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## ग्रीन जोन में पूर्णबंदी से बाहर निकलने की 'दो गज दूरी' के मंत्र के साथ बनें योजना: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जोर देकर कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए पूर्णबंदी का कदम कारगर रहा है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए राज्यों को 'दो गज दूरी' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए इससे बाहर निकलने की चरणबद्ध योजना पर काम शुरू करना चाहिए।प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना का खतरा लंबा चलने की आशंका है इसलिए अब सबको कोरोना से निपटने के साथ साथ अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के बारे में भी योजना बनाकर उसे अमल में लाना होगा। कोरोना महामारी के खिलाफ चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मोदी ने आज चौथी बार राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक की। करीब तीन घंटे चली बैठक में महामारी के कारण उभरती स्थिति और इससे निपटने के लिए आगे की नीति और योजनाओं



पर तमाम पहलुओं से विस्तार से बातचीत की गयी। प्रधानमंत्री इससे पहले भी २० मार्च, दो और ११ अप्रैल को मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा कर चुके हैं। मोदी ने कहा कि पूर्णबंदी के बेहद सकारात्मक परिणाम मिले हैं और समय रहते उठाये गये इन कदमों से पिछले डेढ महीने में हजारों लोगों की जान बचायी गयी है। उन्होंने कहा कि भारत की आबादी को देखते हुए हमारी स्थिति अन्य देशों की तुलना में कहीं अच्छी है लेकिन वायरस का खतरा अभी लंबे समय तक रहने वाला है इसलिए हमेशा सतर्क रहना अत्यधिक जरूरी है। पूर्णबंदी के बाद अब देश को आगे के रास्ते पर बढने के बारे में सोचना होगा लेकिन साथ ही दो गज दूरी के मंत्र यानी सामाजिक दूरी के नियम को मानकर चलने से ही इसमें सफलता मिलेगी।

## लखनऊ में शॉपिंग मॉल में लगी आग

लखनऊ। इंदिरा नगर के शामपिंग माल में आग लग गई। जिस वक्त आग लगी, शामपिंग माल बंद था। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की वजहों का पता नहीं चल सका है। फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

## यूपी में कोराना मरीजों की संख्या बढ़कर 1873 हुई, अब तक 30 की मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को इस संक्रमण से ५८ जिले प्रभावित हो गए हैं। सूबे में मरीजों की संख्या बढ़कर १८७३ हो गई है। रविवार को ८० नए मरीज मिले। प्रदेश में कोरोना से मौतों की संख्या ३० हो गई है, जबकि ३२७ लोग स्वास्थ्य हो चुके हैं। संक्रामक रोग विभाग के संयुक्त निदेशक ड. विकासेंदु अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के आगरा में अब तक ३७२, लखनऊ में १६४, गाजियाबाद में ५८, नोएडा में ११७, लखीमपुर खीरी में ४, कानपुर में १७०, पीलीभीत में २, मुरादाबाद में १०१, वाराणसी में ३७, शामली में २७, जौनपुर में ५, बागपत में १५, मेरठ में ८६, बरेली में ६, बुलंदशहर में ३८, बस्ती में २३, हापुड़ में २५, गाजीपुर में ६, आजमगढ़ में ८, फिरोजाबाद में ८३, हरदोई में २, प्रतापगढ़ में ६, सहारनपुर में १८१, शाहजहांपुर में १, बांदा में ३, महाराजगंज में ६, हाथरस में ४, मिर्जापुर में ३ और रायबरेली में ४३ लोग संक्रमित मिले हैं। इसी तरह औरैया में १०, बाराबंकी में १, कौशांबी में २, बिजनौर में २६, सीतापुर में २०, प्रयागराज में ४, मथुरा में १०, बदायूं में १४, रामपुर



में २०, मुजफ्फरनगर में १८, अमरोहा में २५, भदोही में १, इटावा में ३, कासगंज में २, संभल में १३, उन्नाव में १, कन्नौज में ७, संत कबीर नगर में २१, मैनपुरी में ५, गोंडा में १, मऊ में १, एटा में ३, सुल्तानपुर में ३, अलीगढ़ में १३, श्रावस्ती में ५, बहराइच में ६, बलरामपुर में १, अयोध्या में १ और जलौन में भी १ व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के ५८ जनपद कोरोना से प्रभावित हुए हैं, वर्तमान में केवल ४८ जिलों में ही कोविड के केस एक्टिव हैं। १७ जिलों में अभी भी कोरोना का कोई केस नहीं मिला, जबकि १० जिले कोरोना से मुक्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को ३४१५ सैंपल भेजे थे। कुल ३८७६ सैंपलों का टेस्ट हुआ है। ३१८ पूल सैंपलों के माध्यम से १५६० सैंपलों की टेस्टिंग प्रदेश के ६ प्रयोगशालाओं में हुई है। अभी तक ५६ हजार से अधिक सैंपलों की टेस्टिंग की गई है। प्रसाद ने बताया कि कुल संक्रमित लोगों में ७६.१५ प्रतिशत पुरुष और २०.८५ प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। ६० वर्ष से अधिक उम्र वर्ग में ७.६२ प्रतिशत लोग संक्रमित हुए हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल क्वारंटीन में ११७१५ और आइसोलेशन में १६०१ लोगों को रखा गया है।

## पीएम केयर्स को चुनौती याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय से कोरोना वायरस 'कोविड १६' जैसी महामारी से निपटने के लिए पीएम केयर्स कोष के गठन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका आज खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एन वी रमन, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति बी आर गवई की खंडपीठ ने वीडियोकांफ्रेंसिंग के जरिये की गयी सुनवाई के दौरान अधिवक्ता शाश्वत आनंद की याचिका निरस्त कर दी। न्यायालय ने इस तरह की याचिका दायर करने को लेकर आनंद से नाराजगी जतायी और एक मिनट के भीतर याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान आनंद ने खंडपीठ से कहा कि वह कम से कम दो मिनट उनका निवेदन सुन लें, लेकिन खंडपीठ ने नाराजगी भरे लहजे में कहा कि इस याचिका से राजनीतिक बू आती है। आनंद के बार–बार आग्रह के बाद न्यायमूर्ति रमन ने उन्हें आगाह किया कि या तो वह (याचिकाकर्ता) अपनी याचिका वापस ले लें, या न्यायालय उन पर जुर्माना लगायेगी। उन्होंने कहा, आपके (याचिकाकर्ता के) पास दो ही विकल्प है, या तो आप याचिका वापस ले लीजिए या आप पर हम भारी जुर्माना लगायेंगे। इसके बाद ने आनंद ने याचिका वापस ले ली।

## केजीएमयू की नर्स कोरोना पॉजिटिव, सीसीएम यूनिट हुई बंद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को रात किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एक नर्स कोरोना संक्रमित मिली है। नक्खास की रहने वाली नर्स में शुक्रवार से वायरस के लक्षण सामने आने लगे थे। रविवार को आई जांच रिपोर्ट में नर्स के कोरोना पॉजटिव होने पर उन्हें तत्काल आइसोलेशन वर्ड में भर्ती कर क्रिटिकल केयर मेडिसिन यूनिट (सीसीएम) को भी बंद कर दिया गया है। केजीएयू के प्रवक्ता सुधीर सिंह ने नर्स के पॉजिटिव मिलने के बाद एहतियात के तौर सीसीएम सेनिटाइज करवाया गया है। साथ ही उनके संपर्क आने वाले २५ क्वारंटाइन किया गया है। नर्स के संबंध में सीएमओ को भी सूचना दे दी गई है ताकि उनके परिवार व घर के आसपास के लोगों को क्वारंटाइन कर जांच की जा सके। जिस गली में उनका घर वहां भी सैनिटाइज और जरूरी बिन्दुओं को लागू करने को कहा गया है। सीसीएम विभाग में भर्ती सभी मरीजों के सैंपल लिए जाएंगे। इनके तीमारदारों को पांचवीं मंजिल से नीचे नहीं जाने की हिदायत दी गई है। यहां अन्य लोगों के जाने पर भी रोक लगा दी गई है। यहां सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

## "आगरा मॉडल" ताजनगरी को वुहान बना देगा : अखिलेश

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बाड्रा के बाद समाजवादी पार्टी(सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगरा के मेयर के द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र का समर्थन करते हुए कहा कि "आगरा मडल" ताजनगरी को वुहान बना देगा। सपा अध्यक्ष ने कहा है कि मेयर के अनुसार वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ने के लिये मुख्यमंत्री का 'आगरा मडल' पूरी तरह फेल है। सरकार का यह मडल आगरा को वुहान बना देगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में जीवन रक्षक किट भी नही है। क्वारंटाइन सेंटरों की बदहाली से लोगों की जान तक जा सकती है। यादव ने यहां ट्वीटकर कहा " मुख्यमंत्री द्वारा बहुप्रचारित कोरोना से लड़ने का 'आगरा मॉडल' मेयर के अनुसार फेल होकर आगरा को वुहान बना देगा. न जाँच, न दवाई, न अन्य बीमारियों के लिए सरकारी या प्राइवेट अस्पताल, न जीवन रक्षक किट और उस पर क्वरंटाइन सेंटर्स की बदहाली प्राणांतक साबित हो रही है। जागो सरकार जागो!

# सम्पादकीय

## भारतीय बाजार में नया गठजोड़

फेसबुक ने जियो के लगभग १० प्रतिशत शेयर के लिए ४३ हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की जो रकम चुकाई है, वह ज्यादा है। मगर गुजरे दो–तीन दिन में ये साफ हो गया है कि अगर इन दोनों कंपनियों का दांव कामयाब रहा, तो यह दोनों के लिए फायदे का सौदा होगा। रिलायंस पर जियो लॉन्च करने के बाद से कर्ज बढ़ता गया है। इस बीच तेल कारोबार के ढह जाने से उसकी मुश्किलें और बढ़ती दिख रही थीं। दूसरी तरफ फेसबुक के पास नकदी का भंडार है, जिसे इस वक्त भारतीय बाजार में लगा देना उसे बुद्धिमानी का सौदा लगा। वैसे भी भारतीय बाजार पर फेसबुक की निगाहें काफी समय से टिकी थीं। इस बीच एक सवाल उठा है कि क्या इस करार को भारत सरकार का भी आशीर्वाद प्राप्त है? ये सौदा होने से कुछ ही दिन पहले भारत सरकार ने चीनी निवेश के लिए भारत में परिस्थितियां मुश्किल बना दीं। भारतीय बाजार में इस नए गठजोड़ की प्रतिस्पर्धी कंपनियां हैं, उनमें चीन का निवेश है। भारत के ३० यूनिकॉर्न्स यानी वैसे स्टार्टअप्स जिनका मूल्य एक अरब डॉलर से ज्यादा है– में से १८ में चीनी निवेश है। बहरहाल, ये साफ है कि रिलायंस जियो के साथ फेसबुक के करार और बड़े निवेश के बाद रिलायंस जियो की कोशिश देश के करोड़ों छोटे दुकानदारों तक अपनी पैठ बनाने की होगी। इसी संभावना के कारण फेसबुक के निवेश का एलान होने के बाद रिलायंस के शेयर लगभग ११ फीसदी तक उछल गए। करार के तहत मार्क जकरबर्ग की कंपनी ने रिलायंस जियो में ५.७ अरब डलर यानी लगभग ४३.६ अरब रुपये का निवेश करेगी। इन साझा प्लैटफर्म्स की कीमत इस सौदे के बाद ६६ अरब डलर आंकी जा रही है। बताया गया है कि भारत के खुदरा दूकानदारों को फेसबुक और व्हाट्सऐप के जरिए जियोमार्ट के प्लैटफर्म पर लाया जाएगा। इसको लेकर जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस रीटेल और व्हाट्सऐप के बीच भी एक व्यावसायिक समझौता हुआ है। इसके तहत रिलायंस रीटेल अपना न्यू कॉमर्स व्यवसाय, व्हाट्सऐप की मदद से जियोमार्ट के प्लैटफर्म पर कर सकेगा। इससे दुकानदार अपने पुराने और नए ग्राहकों तक अपनी सेवाएं कम समय में पहुंचा सकेंगे।

## श्रीकांत शर्मा नें आंधी-पानी से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल मेंटिनेंस के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री पं. श्रीकांत शर्मा ने गांव व शहर सभी में रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आंधी और बारिश की वजह से जिन क्षेत्रों में आपूर्ति प्रभावित हुई है वहां तत्काल मेंटिनेंस के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि ग्रमीण क्षेत्रों में जहां पोल–तार टूटे हैं वहां अविलंब आपूर्ति बहाल की जाए। वह सोमवार को शक्तिभवन से आगरा व अलीगढ़ मंडल के तहत आने वाले क्षेत्रों के जन प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर लॉकडाउन के दौरान विद्युत आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, कासगंज, एटा, अलीगढ़, हाथरस व मैनपुरी के मा. संसद, मा. मंत्री व मा. विधायकों के साथ जूनियर इंजीनयर स्तर तक के सभी अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि कृषि फीडरों पर दिन में सुबह ७ से शाम ५ बजे तक १० घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे जिससे किसान खेतों की सिंचाई, गेहूं की मड़ाई व अन्य कृषि संबंधी कार्य करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। सभी वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशक इसकी विशेष समीक्षा व निगरानी करें। गर्मियों के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जिलों में पर्याप्त वितरण ट्रांसफार्मर, पोल, तार व अन्य जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। उपभोक्ता शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई और उनकी संतुष्टि ही हमारा ध्येय होना चाहिए। यह संकट का समय है ऐसे में उपभोक्ता तक निर्बाध बिजली पहुंचे यही हमारा मुख्य कार्य है। उन्होंने यूपीपीसीएल अध्यक्ष को इसकी जनपदवार समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा



कि निर्बाध आपूर्ति के लिए यह जरूरी है कि जो उपकेंद्र बनकर तैयार हो गए हैं उन्हें तत्काल शुरू करवा दिया जाए। इसके लिए लोकार्पण की प्रतीक्षा न की जाए। उन्होंने क्रिटिकल क्षेत्रों में ट्रॉली ट्रांसफार्मर्स की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के काम भी तेज गति से पूरा किये जाने का निर्देश दिया। सौभाग्य के छूटे हुए कार्यों को भी तत्काल शुरू कराये जाने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग के कोरोना वारियर्स दिन–रात मेहनत कर निर्बाध विद्युत आपूर्तिसुनिश्चित कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने ऊर्जा विभाग के कोरोना वारियर्स के कार्यों की प्रशंसा की। सभी ने कहा कि जिस प्रकार विद्युत विभाग के कार्मिक संकट काल में अपनी प्रतिबद्धता दिखा रहे हैं वह अनुकरणीय है। ऊर्जा मंत्री ने निर्देशित किया कि संविदाकर्मी का वेतन समय से मिले सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायतों को सुने, १९१२ की शिकायतों और टेलीफोन पर आने वाली शिकायतों को भी तेजी से निस्तारित करें। जनता के बीच विद्युत विभाग की छवि बहुत अच्छी हुई है, यह और भी बेहतर हो इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उपभोक्ता की संतुष्टि ही हमारी संतुष्टि है, इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी उपकेंद्रों पर यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं भी सुरक्षा में कोई लापरवाही न हो। सभी मेडिकल प्रोटोकॉल्स का पालन हो। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाने हेतु सभी बिलिंग उपकेंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग सर्कल्स बन जाएं। कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। वह मंगलवार को आजमगढ़, बलिया, मऊ, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर और चंदौली जनपदों के जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आपूर्ति की समीक्षा करेंगे।

## लखनऊ में छह नए कोरोना पॉजिटिव

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में छह नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। लखनऊ स्थित केजीएमयू में कुल ४६१ लोगों की जांच की गई थी, जिसमें से छह की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें से दो मरीज केजीएमयू में भर्ती हैं। तीन अन्य मरीजों का इलाज लखनऊ के आरएसएम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## कानपुर में फूटा कोरोना 'बम' तीन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे बड़ी संख्या में मिले पॉजिटिव, हड़कंप

कानपुर। पहले से ही कोरोना के कहर से जूझ रहे कानपुर में आज उस समय हड़कंप मच गया जब तीन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे बड़ी संख्या में पॉजिटिव मिले। मीडिया रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव बच्चों की संख्या ५० से ५३ बताई गई है, इससे जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। कानपुर के पत्रकार अपनी रिपोर्ट में पॉजिटिव बच्चों की संख्या जहां ५० से ५३ बता रहें हैं, वहीं कानपुर के डीएम ब्रह्मदेव तिवारी ने बच्चों की संख्या ४० बताई हैं। सीएमओ डॉ अशोक शुक्ला इस बारे में जानकारी देते हुए बचते नजर आए, उनका कहना था कि मदरसों में पढ़ने वाले ६० बच्चों में से ४० बच्चे पॉजिटिव हैं, फिर कहा कि सही संख्या पता करके बतायेंगे। ये मदरसे जाजमऊ, बजरिया इलाकों के बताए जा रहे हैं। पॉजिटिव मिले बच्चों की उम्र १० से २० साल बताई गई है। मदरसे वाले इलाकों को सील कर दिया गया है।

## 20 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ 02 व्यक्ति गिरफ्तार

मऊ। थाना मधुबन पुलिस देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान पाती पोखरा के पास से मनोज पुत्र राजकुमार निवासी पाती, राकेश पुत्र सवरू निवासी खीरीकोठा थाना मधुबन मऊ दोनो के कब्जे से १०–१० लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना मधुबन पर धारा ६० आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## योगी सरकार को किसानो की परवाह नहीं : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार पर किसानों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बेमौसम बरसात से बेहाल अन्नदाता बरबादी की कगार पर है मगर सरकार के पास फसल को हुये नुकसान का कोई ब्योरा नहीं है। यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कोरोना संक्रमण झेल रहे किसानों पर बे–मौसम बरसात, आंधी और ओलावृष्टि की मार पड़ी है। उसका जीवन घोर संकट में पड़ गया है। आजीविका के सभी रास्ते बंद होते दिख रहे हैं। भाजपा सरकार को किसानों के हितों की परवाह नहीं है। जिलों के अधिकारी भी किसानों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाये हुए हैं। गेहूं और आम की फसल की हुई बरबादी का सरकार के पास कोई ब्यौरा नहीं है। उन्होने कहा कि विडम्बना है कि तीन महीनों में आंधी पानी और ओले गिरने की तीन घटनाएं घट चुकी हैं। इन घटनाओं से दर्जनों मौतें हो चुकी हैं। खेत–खलिहान में गेंहू की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। आम की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि हर बार जब किसान पर आफत आती है, मुख्यमंत्री एक सांस में फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा तलब करते है और दूसरी सांस में तत्काल



किसानों को मदद देने के निर्देश देते हैं। अधिकारी बिना ब्यौरा, जिले में मदद किसकी करेंगे। किसान के साथ छलावे की यह घटिया राजनीति भाजपा के चरित्र का ही हिस्सा है। भाजपा सरकार की यह संवेदनाशून्यता है, किसानों को अभी तक कोई राहत नहीं मिली। उन्होने कहा कि भाजपा राज में किसानों की फसल का ड्योढ़ा दाम देने, सस्ता कर्ज दिलाने, एमएसपी पर गेंहू खरीदने, किसान की आय दुगनी करने और गन्ना भुगतान में विलम्ब पर ब्याज भी देने जैसी तमाम घोषणाओं और वादों की तुकबंदी ही अब तक देखने को मिली है। किसान ठगा ही रह गया है। सरकार को कुछ करना है तो गांव–गांव में किसानों को आर्थिक मदद देने के साथ उनको खाद, बीज, कीटनाशक, बिजली–पानी में भी राहत दे। समाजवादी पार्टी की मांग है कि बिजली गिरने, दीवार और मकान गिरने से हुई मौतों पर प्रत्येक मृतक आश्रितों को २५–२५ लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाये। फसलों के हुए नुकसान की भरपाई के तौर पर पर्याप्त मुआवजा दिया जाए।

# पूल टेस्टिंग को बढ़ावा देने के साथ–साथ प्लाज्मा थेरेपी से इलाज करने पर विचार करें : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस की प्रभावी रोकथाम के लिए पूल टेस्टिंग को बढ़ावा देने के साथ–साथ प्लाज्मा थेरेपी से इलाज करने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। मुख्यमंत्री आज ने अपने सरकारी आवास पर कोविड–१९ से निपटने के लिए गठित टीम–११ की समीक्षा बैठक में कहा कि पूल टेस्टिंग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की जांच करके ही कोरोना पर प्रभावी रुप से नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए प्लाज्मा थेरेपी को बढ़ाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत उत्तर प्रदेशवासियों को क्वारंटीन अवधि पूरी होने के उपरान्त चरणबद्ध तरीके से प्रदेश वापस लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य व पुलिस महानिदेशक को सभी १६ संवेदनशील जिलों के नोडल अधिकारियों से फीड बैक लेने और कोरोना के बढ़ते मामलों पर प्रभावी नियंत्रण करने के भी निर्देश दिये। सीएम योगी ने कोरोना के उपचार में लगी डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स तथा अन्य स्टाफ की टीम को हर हाल में मेडिकल इन्फेक्शन से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना से जंग में मेडिकल टीम को सुरक्षित रखना अत्यन्त आवश्यक है और इसके लिए कोविड अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में पीपीई किट्स, एन–९५ मास्क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अस्पतालों की साफ–सफाई सुनिश्चित करते हुए लगातार सेनेटाइजेशन किया जाए। उन्होंने मेडिकल इन्फेक्शन की रोकथाम के लिए गठित की गयी डेडीकेटेड टीम को कोरोना के इलाज में लगे सभी कर्मियों की लगातार निगरानी के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में मौजूद कोरोना से सम्बन्धित तथा अन्य बायोमेडिकल वेस्ट का सुरक्षित डिस्पोजल सुनिश्चित किया जाए। सभी अस्पतालों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोविड अस्पतालों में अनिवार्य रूप से सिर्फ कोविड संक्रमण का ही इलाज हो अन्य चिकित्सा गतिविधियां इन अस्पतालों में न की जाएं। सीएम योगी ने मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य व पुलिस महानिदेशक को सभी १६ संवेदनशील जिलों के नोडल अधिकारियों से फीड बैक लेने और कोरोना के बढ़ते मामलों पर प्रभावी नियंत्रण करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान जिन औद्योगिक इकाइयों को चलाने की अनुमति दी गयी है, वहां पर सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी देखा जाए की इन इकाइयों में कोरोना की रोकथाम के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को अनुपालन अवश्य हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सप्लाई चेन प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में भी यह इसी तरह कार्य करती रहे। उन्होंने होम डिलीवरी में लगे व्यक्तियों



की लगातार निगरानी और जांच करने के निर्देश दिये, ताकि इनसे कोरोना संक्रमण फैलने न पाये। उन्होंने वॉलेन्टियर्स की टीम गठित कर लोगों को कोरोना के विषय में जागरूक करने के साथ–साथ शेल्टर होम्स में नियमित साफ–सफाई और सेनेटाइजेशन के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लॉकडाउन को सख्ती से लागू किया जाए, किसी भी हाल में कहीं कोई भीड़ इकट्ठा न हो। पेट्रोलिंग बढ़ायी जाए और सोशल डिस्टेंसिंग को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ३० जून, २०२० तक कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने सोशल मीडिया की निरन्तर निगरानी के भी निर्देश दिये। उन्होंने अपर मुख्य सचिव राजस्व को कम्युनिटी किचन की तरह ही शेल्टर होम्स की भी जियो टैगिंग कराने के निर्देश देते हुए कहा कि क्वारंटीन में रखे गये लोगों के नाम, पते, मोबाइल नम्बर संकलित करते हुए इन्हें आरोग्य सेतु एप से जोड़ा जाए। कोरोना मरीजों का इलाज कोविड अस्पतालों में ही किया जाए। सीएम योगी ने कहा कि लेन–देन के लिए रुपे कार्ड तथा अन्य माध्यम को बढ़ावा दिया जाए। सभी ग्रामीण सेवाओं को मुहैया कराने के लिए ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) की तर्ज पर व्यवस्था बनायी जाए, जिससे बैंकों में होने वाली भीड़ को कम किया जा सके। बैंकों में सोशल डिस्टेंसिंग हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि लॉकडाउन के कारण श्रमिकों को रोजगार मिलने में कोई असुविधा न हो। प्रदेश सरकार इसके प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है और स्थिति पर निगाह बनाये हुए है। मनरेगा के श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए बनायी गयी कार्य योजना को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिये।

## आंधी और बारिश ने जमकर मचाई तबाही खेत पर पड़ी फसल का नुकसान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खासकर पश्चिम के अधिसंख्य स्थानों पर रविवार शाम तेज रफ्तार आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई और खेत खलिहान पर खड़ी पड़ी फसल को व्यापक नुकसान हुआ। शामली,फर्रुखाबाद,औरैया ,इटावा, बागपत, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद और कानपुर समेत कई इलाकों में गेहूं की कटाई का काम चरम पर है। इसी बीच आसमान में बादलों का जमावड़ा लगता देख किसान अनहोनी की आशंका से ग्रसित हो गये। देखते ही देखते तेज आंधी ने उनकी फसल को तिनके के माफिक धूल के गुबार में तब्दील कर दिया। बाद में रही सही कसर बारिश ने पूरी कर दी। कुछ एक स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है। इटावा में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। जौनपुर जिले के सुरेरी क्षेत्र में ये आंधी तूफान में दीवार गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि उसका पौत्र घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जिलों के आला अधिकारियों से नुकसान का जायजा लेने और नुकसान के एवज में किसानो को आर्थिक मदद देने को कहा है। योगी ने बिजली गिरने से हुयी जनहानि की दशा में पीड़ितों को चार चार लाख रूपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिये है। बेमौसम बरसात से सर्वाधिक नुकसान गेहूं की फसल को पहुंचा है। हालांकि कई किसानों की फसल कट चुकी थी जबकि कई की फसल कटान के बाद खेत में पड़ी थी। अधिसंख्य इलाकों में फसल से निकला भूसा आंधी के कारण हवा में बिखर गया। आंधी पानी और ओलावृष्टि से साग सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा है वहीं आम के बागवानों को व्यापक क्षति पहुंची है। फर्रुखाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपरान्ह बाद अचानक तेज आंधी, पानी और पिपरगांव के आस–पास क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से खेतों में खड़ी फसलें कहीं–कहीं गिर गईं। मूंगफली, आम की फसलों को भी हल्का–फुल्का नुकसान हुआ। लगुबरी गांव में आंधी, पानी और ओला गिरने से गेहूं, मक्का और आम की फसलों को नुकसान होने से किसानों के चेहरे मुरझा गए। कायमगंज के तहसीलदार ने बताया कि कम्पिल, कायमगंज, नवाबगंज, शमसाबाद आदि क्षेत्रों में तेज आंधी और पानी से खेतों में खड़ी फसलों को हल्का–फुल्का नुकसान हुआ है।

## खालिद रशीद फिरंगी महली ने कुरान को फेसबुक लाइव पर पढ़ा जिससे लोग घर बैठ इबादत कर सकें

लखनऊ। पूरे देश में कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन है। इस समय में मुस्लिम समाज का पाक महीना रमजान शुरू हो गया है। उलेमा अपील की है कि देश




में इस बीमारी के चलते अपने अपने घरों में ही इबादत करें और नियमों का पालन पूरी तरह से किया जाए। लखनऊ में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने एक पहल की है और इस लॉकडाउन के समय में टेक्नोलजी का इस्तेमाल कर इबादत करने का तरीका ढूंढ निकाला है। ईदगाह के इमाम और इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने नई कोशिश की है जिसमे लोग लॉकडाउन का पालन भी करें और रमजान के महीने में इबादत भी करें। इसके लिए मौलाना ने रमजान के दौरान कुरान की तिलावत को यानी उसको पढ़े जाने को फेसबुक पर लाइव कराने का फैसला लिया है। रमजान २५ अप्रैल से शुरू हुए। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने कुरान को फेसबुक लाइव पर पढ़ा जिससे लोग घर बैठ कर इबादत कर सकें और किसी तरह से नियमो का कोई उल्लंघन न हो। फेसबुक लाइव रात ८ बजे से १० बजे तक किया जा रहा है। कई लोगों ने कमेंट के जरिये इस कदम को सराहा है। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि रमजान के तीसों दिन कुरान को सुनना जरूरी होता है। चूंकि मस्जिदें बंद हैं, इसीलिए हमने तय किया है कि रोजाना रात ८ बजे से १० बजे तक २ घंटे इस्लामिक सेंटर अफ इंडिया के फेसबुक पेज पर कुरान की तिलावत लाइव की जाएगी, जिससे लोग अपने घरों में रहकर ही इसको सुनें और इबादत करें।

## लखनऊ पुलिस ने धार्मिक समारोहों पर लगाई रोक

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने राज्य की राजधानी में आगामी त्यौहारों के लिए धार्मिक और सामाजिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीन अरोड़ा ने सीआरपीसी की धारा १४४ के तहत पशुओं के वध और बिक्री और मांस के परिवहन पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। अरोड़ा द्वारा जारी की गई २१–सूत्रीय सलाह में कहा गया है कि पांच या अधिक व्यक्ति बिना अनुमति के एक समूह में एकत्रित नहीं होंगे। इसमें कहा गया है कि जो लोग इन दिशानिदेशरें का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, चीनी पतंग के मांझा की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। तीन पुलिस कर्मियों के मांझा से गंभीर रूप से घायल होने के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया है। एडवाइजरी में आगे कहा गया है, "सोशल मीडिया समूह के ग्रुप एडमिन यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी सदस्य समूह में फर्जी समाचार भड़काऊ संदेश पोस्ट नहीं करे। यदि कोई भी सदस्य इस तरह के संदेश को पोस्ट करता है, तो एडमिन उस संदेश को हटाने से पहले उस व्यक्ति को समूह से हटा देगा। साथ ही पुलिस को इस बारे में सूचित किया जाएगा।" एडवाइजरी में यह गया है कि यह आदेश ३० मई तक या अगले आदेशों तक लागू रहेगा। रमजान के अलावा, मई में बुद्ध पूर्णिमा, ईद उल–फितर और बड़ा मंगल सहित कई त्योहार हैं। समारोहों पर प्रतिबंध लगाकर, लखनऊ पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि समारोहों के दौरान कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होगा।

# कोरोना संक्रमितों की संख्या २८००० के पार, ८८६ की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस (कोविड–१९) संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और अब तक १४६३ नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की संख्या २८ हजार के पार पहुंच गयी तथा इसके कारण ६० लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा ८८६ हो गया है। देश के ३२ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के अब तक कुल २८३८० मामलों की पुष्टि हुई है जिनमें १११ विदेशी मरीज शामिल हैं। कोरोना से संक्रमित लोगों के स्वस्थ होने की रफ्तार भी तेज हुई है और पिछले २४ घंटों में कोरोना संक्रमित ४४८ लोगों के स्वस्थ होने के साथ ऐसे लोगों की संख्या ६३६२ तक पहुंच गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज शाम पांच बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित महाराष्ट्र में संक्रमितों की संख्या में एक दिन में ४४० की वृद्धि दर्ज की गयी और कुल आंकड़े ८०६८ पर पहुंच गये। पिछले २४ घंटों के दौरान राज्य में १९ और लोगों की मौत के बाद इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर ३४२ हो गयी है। राज्य में ११८८ संक्रमित मरीज ठीक भी हो चुके हैं। गुजरात पिछले २४ घंटों के दौरान २३० नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की संख्या के मामले में सूची में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। गुजरात में संक्रमितों की कुल संख्या में ३३०१ हो गयी है तथा १८ और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या १५१ पर पहुंच गयी है। राज्य में अब तक ३१३ मरीज ठीक हुए हैं। इसके बाद देश की राष्ट्रीय राजध ाानी दिल्ली है जहां पिछले २४ घंटों में २६३ नये मामले दर्ज किये जाने के कारण अब तक कुल २९१८ लोग इस महामारी से संक्रमित हुए हैं तथा इस दौरान मरने वालों की संख्या ५४ पर ही



बनी हुयी है। राजधानी में कुल ८७७ मरीजों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं राजस्थान में पिछले २४ घंटों के दौरान १०२ नये मामले सामने आये है और इनका आंकड़ा बढ़कर २१८५ हो गया। राज्य में इस दौरान संक्रमण से आठ और लोगो मौत हुई और मरने वालों की संख्या ४१ हो गई है। कोरोना से गंभीर रूप से प्रभावित मध्य प्रदेश में पिछले २४ घंटों में संक्रमण के ७२ नये मामले सामने आये जिससे संक्रमितों की संख्या २१६८ हो गयी तथा मरने वालों की संख्या सात बढ़कर १०६ हो गयी। महाराष्ट्र की तरह मध्य प्रदेश में भी अब तक ११८८ मरीज ठीक हो चुके हैं। दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में ६४ नये संक्रमित सामने आये है और संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर १८८५ हो गई तथा राज्य में संक्रमण से मरने वालों की संख्या एक बढ़कर २४ हो गयी। राज्य में १०२० मरीज अब तक ठीक हुए हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में संक्रमण के १५२ नये मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या १६६५ हो गई है तथा इस दौरान दो और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या ३१ हो गयी है। वहीं राज्य में अभी तक ३३५ मरीजों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अन्य दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में ११७७ और कर्नाटक में ५११ लोग संक्रमित हैं तथा इन राज्यों में क्रमशरू ३१ और २०लोगों की मौत हुई है। दक्षिणी राज्य तेलंगाना में संक्रमितों की कुल संख्या १००२ हो गयी और इससे मरने वालों की संख्या २६ पर बनी हुयी है। केरल में ४६६ लोग संक्रमित हुए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू– कश्मीर में संक्रमितों की संख्या ५२३ है और छह लोगों की मौत हुई है।इसके अलावा पश्चिम बंगाल में २०, पंजाब में १८, हरियाणा और झारखंड में तीन–तीन, बिहार में दो तथा मेघालय, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और असम में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

# घटिया पीपीई किट की आपूर्ति मामले में क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के दो मेडिकल कलेजों में घटिया पीपीई किट की आपूर्ति की शिकायत संबंधी पत्र के लीक होने के मामले पर सोमवार को राज्य सरकार से सवाल किया कि क्या चिकित्साकर्मियों के लिए खराब गुणवत्ता वाले निजी सुरक्षा उपकरण की आपूर्ति करने के दोषियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि उत्तर प्रदेश सरकार को पीपीई किट से जुड़ा घोटाला परेशान नहीं कर रहा है, बल्कि वह इससे संबंधित खबर बाहर आने से परेशान है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका ने शिकायती पत्र के लीक होने की एसटीएफ जांच के आदेश संबंधी सरकारी बयान का हवाला देते हुए ट्वीट किया, उप्र के कई सारे मेडिकल कालेजों में खराब पीपीई किट दी गई थीं। ये तो अच्छा हुआ सही समय पर वो पकड़ में आ गईं तो वापस हो गईं और हमारे योद्धा चिकित्सकों की सुरक्षा



से खिलवाड़ नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया, हैरानी की बात ये है कि यूपी सरकार को ये घोटाला परेशान नहीं कर रहा है बल्कि .. ये परेशान कर रहा है कि खराब किट की खबर बाहर कैसे आ गई। ये तो अच्छा हुआ कि खबर बाहर आ गई वरना खराब किट का मामला पकड़ा ही नहीं जाता और ऐसे ही रफा–दफा हो जाता। उन्होंने सवाल किया कि क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी? गौरतलब है कि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों का इलाज कर रहे चिकित्साकर्मियों की सुरक्षा के लिए कथित तौर पर खराब गुणवत्ता के निजी सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट की आपूर्ति के मामले मेंमहानिदेशक चिकित्सा शिक्षा (डीजीएमई) के पत्र के लीक होने की जांच उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को सौंपी है। खबरों के मुताबिक पिछले दिनों घटिया पीपीई किट की आपूर्ति को लेकर मेरठ और नोएडा के मेडिकल कलेजों के प्राचार्यों ने महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा केके गुप्ता को पत्र लिखे थे। पत्रों में पीपीई किट के खराब होने और आकार में छोटे होने की शिकायत की गई थी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय व संजीवनी कालेज का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

बहराइच। हरियाणा राज्य से जनपद बहराइच आने वाले नागरिकों के अवस्थापन, खान–पान व स्वाथ्य परीक्षण आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शम्भु कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने अन्य अधिकारियों के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर व संजीवनी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन कीर्तनपुर का निरीक्षण कियाजवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बताया गया कि यहॉ पर १४४ लोग हरियाणा से पहुॅचे हैं। जिसमें ३२ लोग जनपद श्रावस्ती के हैं जिसमें से २६ को जनपद श्रावस्ती भेज दिया गया है। इसी प्रकार संजीवनी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन कीर्तनपुर के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि २१६ लोग यहॉ पहुॅचे हैं। जिसमें से ३५ व्यक्ति श्रावस्ती जनपद, ०२ गोण्डा व ०१ लखीमपुर के निवासी हैं। गैर जनपद के निवासियों को उनके जनपद भेजने की कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील प्रशासन महसी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त गतिविधियों की विधिवत फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करते हुए अखिलेखीकरण भसी किया जाय। बाहर से आने वाले लोगों को चाहे वह जनपद बहराइच के हों या गैर जनपद के हों, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, उप जिलाधिकारी महसी एस.एन. त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर टी.एन. पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया, जिला गन्ना अधिकारी शेलेश मौर्य, तहसीलदार कैसरगंज, बी.डी.ओ. तेजवापुर चन्द्र भूषण यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 07 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मो० अरश्शद**

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा अहमदपुर असना से मु०अ०सं० २८७६२० धारा १४७, ३२३, ५०४, ५०६, ३५४क भादवि०, ७/८ पोक्सों एक्ट तथा ३(१)द एससीध्एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त विलाल पुत्र पप्पू, फरमान पुत्र मो० राफी निवासीगण अहमदपुर असना थाना घोसी ,थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा अब्दोपुर के पास से मु०अ०सं० ८१/२० धारा ३०४बी में वांछित अभियुक्तगण बीनू यादव पुत्र बालकिसुन, बालकिसुन पुत्र स्व० देवराज यादव निवासीगण अब्दोपुर थाना चिरैयाकोट, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा दौलसेपुर के पास से मु०अ०सं० १५७/२० धारा१४७, ३२३, ५०४, ५०६, ३०८ भादवि० में वांछित अभियुक्तगण सुरेन्द्र पुत्र गिरजा, लालबहादुर पुत्र स्व इनरू, सुनीता पत्नी स्व० रामकमल निवासीगण दौलसेपुर थाना रानीपुर मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# शांति भंग की आशंका में 13 व्यक्ति गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान शांति भंग की आशंका में थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा शिवानन्द पुत्र रमेश, संदीप, आशीष पुत्रगण समशेर, श्रवण पुत्र पाखंडी निवासीगण पहाड़पुर थाना चिरैयाकोट, थाना मधुबन पुलिस द्वारा रामविलास, गुलाब पुत्रगण गनेश निवासीगण मखमलपुर थाना मधुबन, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा नियाज अहमद पुत्र जलालुद्दीन निवासी अरैला, मो० शाहिद पुत्र नियाज, अली अहमद पुत्र फैयाज, सहादत पुत्र श्रीराम, सोनू पुत्र रामशब्द, सिकन्दर पुत्र श्यामनरायण निवासीगण चकभीखा थाना चिरैयाकोट, मनोज पुत्र विनोद राम निवासी पड़ेरूआ थाना मुहम्मदाबाद मऊ को अन्तर्गत धारा १५१ सीआरपीसी गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# बागड़वा व बड़ागॉव आश्रय स्थलध्क्वारन्टाइन कैम्प का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

बहराइच। जिलाधिकारी शम्भु कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने रविवार को देर शाम राजकीय इण्टर कालेज भग्गड़वा बाजार तथा राजकीय मार्डन इण्टर कालेज बड़ागॉव हुजूरुपर में संचालित आश्रय स्थलध्क्वारन्टाइन कैम्प का निरीक्षण किया। राजकीय मार्डन इण्टर कालेज बड़ागॉव हुजूरुपर में संचालित आश्रय स्थलध्क्वारन्टाइन कैम्प के निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई, प्रकाश, खान–पान की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी तथा ड्यूटी पर लगाये गये स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस व ग्राम विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पयागपुर कीर्ति प्रकाश भारती ने बताया कि वर्तमान समय में राजकीय मार्डन इण्टर कालेज बड़ागॉव हुजूरुपर में संचालित आश्रय स्थलध्क्वारन्टाइन कैम्प में ७८ व्यक्ति आवासित हैं। राजकीय इण्टर कालेज भग्गड़वा बाजार आश्रय स्थलध्क्वारन्टाइन कैम्प के निरीक्षण के दौरान जिलाधि ाकारी ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज बाबू राम को निर्देश दिया कि यहॉ पर साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को इसी प्रकार मेनटेन रखा जाय। इस अवसर पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार पयागपुर, अधीक्षक सी.एच.सी. हुजूरपुर डॉ. थानेदार एवं प्रभारी निरीक्षक हुजूरपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा एक गैरजरूरी कार्य !

**अजीत द्विवेदी**


मशहूर वकील कपिल सिब्बल ने भारत की न्यायपालिका से जानना चाहा है कि नागरिकों के लिए न्याय की उपलब्धता आवश्यक कार्य की श्रेणी में आता है या नहीं। उनका कहना है कि जिला अदालतों से लेकर सर्वोच्च अदालत तक नागरिक न्याय के लिए भटक रहे हैं। हालांकि उच्च अदालतों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कुछ जरूरी मामलों की सुनवाई हो रही है पर ज्यादातर मामले लंबित हैं। कपिल सिब्बल वकील हैं। न्यायिक कार्य उनका सरोकार है और इसलिए उन्होंने इस बारे में सवाल उठाया। पर क्या किसी शिक्षाविद ने, किसी विश्वविद्यालय के कुलपति ने, किसी लेखक ने यह सवाल उठाया है कि शिक्षा क्यों आवश्यक कार्य नहीं है? भारत सरकार ने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए पूरे देश में लकडाउन की घोषणा करते समय ही गैर जरूरी कामों की जो सूची बनाई उसमें शिक्षा को शामिल कर दिया और ऐसा छात्रों की सुरक्षा के नाम पर किया गया। हर व्यक्ति अपने जीवन का एक लंबा कालखंड, जो बेहद मूल्यवान भी होता है, स्कूल–कलेजों में बिताता है। शिक्षा और उसके अनिवार्य फलादेश के रूप में जो डिग्री मिलती है वहीं अंततः व्यक्ति के जीवन की आधारशिला बनती है। कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में क्या बनेगा, यह उसे मिलने वाली शिक्षा और उसकी डिग्री से तय होता है। हो सकता है कि इसके कुछ अपवाद भी हों, जैसे हर नियम के होते हैं। पर वहीं काम अगर गैर जरूरी कार्य की श्रेणी में आ जाए



तो सोच सकते हैं कि २० साल तक पढ़ाई करने वाला कोई व्यक्ति यह क्यों नहीं सोचे कि उसने अपने जीवन के दो दशक एक गैर जरूरी काम में गंवा दिए? लगभग हर व्यक्ति बचपन से सुनता आया होगा कि कि पढ़ाई सबसे जरूरी है। 'पढ़ोगे–लिखोगे तो बनोगे नवाब' वाला जुमला भी सबने अपने जीवनकाल में कभी न कभी सुना ही होगा। पर कोरोना वायरस के इस दौर में शिक्षा वैसे ही गैरजरूरी कार्य बन गया है, जैसे सिनेमा हॉल में जाकर फिल्में देखना या रेस्तरां में जाकर भोजन करना। स्कूल–कॉलेज वैसी ही गैरजरूरी जगहें हैं, जैसे रेस्तरां या सिनेमा हॉल या शॉपिंग मॉल्स हैं। यह ज्ञान और बुद्धि के अपमान की एक और मिसाल है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि एक महीने से ज्यादा की लॉकडाउन की अवधि में कभी भी इस बात पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया कि स्कूल–कॉलेज और दूसरे शिक्षण संस्थान बंद हैं तो उन्हें कैसे चालू किया जाए या उन्हें चालू किए बिना कैसे शिक्षा को छात्रों तक पहुंचाया जाए। शिक्षा को छोड़ कर दूसरी तमाम चीजों के बारे में विचार हुआ है। उसे लोगों तक पहुंचाने के उपाय हुए। खान–पान की चीजों और मेडिकल जरूरतों के अलावा मनोरंजन भी घर तक पहुंचाने का बंदोबस्त हुआ। कुछ शिक्षण संस्थानों ने जरूर अपनी तरफ से ऑनलाइन क्लासेज या स्मार्ट फोन के कुछ एप्स के जरिए पढ़ाई का प्रयास किया पर उसका कोई खास मतलब नही है क्योंकि इस तरह से शिक्षा को सभी छात्रों तक नहीं पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए लैपटप, कंप्यूटर, स्मार्ट फोन, नेट कनेक्शन जैसी कई चीजों की जरूरत है, जो हर किसी के पास उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद अगर यह सरकारों के सरोकार में होता, शिक्षा की कद्र होती या इसे जरूरी कार्य माना जाता तो कोई न कोई रास्ता जरूर निकलता। जैसे सरकार ने दूरदर्शन के जरिए देश के लोगों को तीन दशक से ज्यादा पुराने धार्मिक सीरियल दिखा दिए, वैसे ही दूरदर्शन के जरिए देश भर के छात्रों को पढ़ाया भी जा सकता था। ऑनलाइन क्लासेज की बजाय अगर सरकार ने दूरदर्शन पर क्लास लगाने के बारे में सोचा होता तो इससे करोड़ों बच्चों को फायदा होता। यह कोई बहुत मुश्किल भी नहीं था। कुछ समय पहले तो शिक्षा के लिए दूरदर्शन का अलग चौनल शुरू हुआ था। ऐसे ही दूरदर्शन के किसी चौनल पर अलग–अलग कक्षा के छात्रों के लिए अलग–अलग समय में अलग– अलग विषय की पढ़ाई कराई जा सकती थी। दूरदर्शन हर डीटीएच प्लेटफॉर्म पर मुफ्त में उपलब्ध है और इसके जरिए सभी छात्रों तक नहीं तब भी ज्यादा से ज्यादा छात्रों तक पहुंचा जा सकता था। लेकिन ऐसी कोई पहल तब होती, जब शिक्षा सरोकारों की सूची में शीर्ष पर होता या शीर्ष दस विषयों में होता। ऐसा नहीं है कि सिर्फ कोरोना संकट के समय ही ऐसा हुआ है कि शिक्षा को गैर जरूरी कार्य माना गया है। वैसे भी शिक्षा और शिक्षक इस देश की प्रशासनिक और समाज व्यवस्था में कोई बहुत अहमियत नहीं रखते हैं। अगर कोरोना वायरस की वजह से देश के शिक्षक घरों में नहीं बैठे होते तो इस समय राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, एनपीआर अपडेट करने और जनगणना के काम में लगे होते। चूंकि कोरोना की वजह से जनगणना और एनपीआर का काम स्थगित है इसलिए शिक्षक भी फुरसत में हैं। अन्यथा सरकारें तो फसल की कटाई और मनरेगा की मजदूरी छोड़ कर बाकी सारे काम शिक्षकों से कराती हैं। इस देश में मामूली वेतन में और ठेके पर जितने शिक्षक अध्यापन का कार्य कर रहे हैं, उतना और कोई काम संभवतः ठेके पर नहीं होता है। यह भी इस बात का सबूत है कि शिक्षा सरकारों के लिए कोई खास महत्व का काम नहीं है। शिक्षा पर होने वाले खर्च, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में होने वाले निवेश, शिक्षकों को मिलने वाले वेतन–भत्ते आदि को देखेंगे तो स्थिति और स्पष्ट होती है। असल में सरकारों ने शिक्षा को बहुत सुनियोजित तरीके से गैर जरूरी कार्य बनाते हुए उसे निजी हाथों में जाने दिया है। जिसके पास पैसे हैं उनके बच्चे ऐसे संस्थानों में पढ़ रहे हैं, जो कोरोना संकट के बावजूद ऑनलाइन क्लासेज आयोजित कर दे रहे हैं। उन्हें कोरोना संकट से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्हें दिहाड़ी मजदूरों से कम वेतन पर और ठेके पर रखे गए शिक्षकों से नहीं पढ़ना है। वे विषय के विशेषज्ञों से पढ़ते हैं। बाकी सारे छात्रों के लिए शिक्षा एक गैरजरूरी कार्य है। तभी इस गैरजरूरी कार्य को पूरा करने के बाद उन्हें क्या हासिल होना है यह भी सबको पता होता है।

# अद्भुत गुफा : भीम बेटका गुफा

अमरेन्द्र सहाय अमर पांडव पांच भाई थे . इन पांचो भाइयों में भीम महाबली और महान गदाधर थे. इन्होने दुर्योधन द्वारा द्रौपदी का अपमान करने पर दुशासन के रक्त से द्रौपदी के केश को सिंचित करने प् प्रण लिया था और महाभारत के युद्ध में उसे पूरा भी किया .कहा जाता है मध्य प्रदेश की भीम बेटका गुफाएं वही गुफाये हैं जहां अपने अज्ञातवास के दौरान भीम यहा छिपे रहते थे. मैं इस सच्चाई के कथन का पुष्टि या अपुष्टि तो नहीं करता लेकिन कहा जाता है यह गुफाये आज भी मौजूदहै जो की प्रागैतिहासिक काल की है. मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध भीमबेटका की गुफाएं भोपाल से ४६ किलोमीटर दक्षिण में स्थित हैं. यह प्रागैतिहासिक कला का प्रहरी होने के साथ ही भारतीय स्थापत्य कला का अनुपम खजाना है.वास्तव में, इन गुफाओं की पहचान देश के सबसे बड़े प्रागैतिहासिक कला के खजाने के रूप में किया जाता है. भीमबेटका नाम भीम और वाटिका, दो शब्दों से मिल कर बना है. पौराणिक महाभारत कथा से इसका संबंध है. भीमबेटका गुफाओं की खोज से मध्य प्रदेश के इस क्षेत्र को अपार प्रसिद्धि








मिली. यह पूरा क्षेत्र गुफाओं से पटा है, यहां करीब ६०० गुफाएं हैं. यह पूरा क्षेत्र खड़े और बिखरे पत्थरों के बीच सागवान और सखुआ पेड़ों से अटा पड़ा है. इसे यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल में शुमार किया है. इनमें से कुछ गुफाओं में उकेरे हुए चित्र कई युगों पुराने हैं. वास्तव में, ये गुफाचित्र ही यहां के प्रमुख आकर्षण हैं और ये अस्ट्रेलिया के सवाना क्षेत्र और फ्रांस के आदिवासी शैल चित्रों से मिलते हैं जो कालीहारी मरुस्थल के बौनों द्वारा किया गया है. चूंकि, इन गुफाओं का इस्तेमाल विभिन्न कालों में आदिमानवों ने अपने घर के रूप में किया, इसलिए यहां उकेरे गए पेंटिंग्स उनकी जीवनशैली और सांसारिक गतिविधियों को दर्शाते हैं. मौलिक रूपरेखा और रंगों के निपुण चयन ने हमारे पूर्वजों की इन गतिविधियों में जान डाल दी है.? विभिन्न सामुदायिक गतिविधियां जैसे– जन्म, मरण, धार्मिक अनुष्ठान, नृत्य, शिकार खेलना या आखेट दृश्य, जानवरों की लड़ाइयां और आमोद–प्रमोद को इन चित्रों में स्थान दिया गया है. गैंडा, बाघ, जंगली भैंस, भालू, मृग, सूअर, शेर, हाथी, छिपकली इत्यादि को इन चित्रों में देखा जा सकता है. यह देखना आश्चर्यजनक है कि इन पेंटिंग्स में जो रंग भरे गए थे वो कई युगों बाद अभी तक वैसे ही बने हुए हैं. इन पेंटिंग्स में आमतौर पर प्रौतिक लाल और सफेद रंगों का प्रयोग किया गया है. अकसर इनमें हरे और पीले रंग का प्रयोग भी किया गया है. यहां जो सबसे पुरानी पेंटिंग है वो करीब १२ हजार साल पुरानी है जबकि सबसे नवीन पेंटिंग हजार साल पुरानी. सैलानियों के लिए केवल १२ गुफाएं खुली हैं।

# पत्नी की गोली मारकर की गई हत्या, अबैध संबंधों में बाधक बन रही थी

शिकोहाबाद। नगर के आवास विकास कोलोनी मे दिल को दहला देने वाली घटना हुई है। लोगों की सुरक्षा में तैनात एक सिपाही ने अपने ही घर में भक्षक का काम किया। पत्नी की निर्ममता से हत्या की और फिर तीन बच्चियों को


लेकर फरार हो गया। इतना ही नहीं वारदात को अंजाम के समय घर मे लगे सीसीटीवी केमरे को बंद कर दिया था घटना को अंजाम देने के बाद सिपाही ने अपने साले को फोन करके हत्या की बात कही और लाश को उठाकर ले जाने को कहा। घटना शहर के आवास विकास कलोनी की है। मामले के अनुसार २००८ में सिपाही यतेंद्र यादव ग्राम अबंरपूर थाना कुर्रा जिला मैनपुरी और इटावा के नगला नया थाना भरथना निवासी सरोज देवी उर्फ पिंकी की शादी हुई थी। दोनों के तीन बेटियां १० वर्षीय आकांक्षा, ८ साल पारुल, चार साल की अनन्या हैं। सिपाही की तैनाती आगरा में पीआवी ११२ पर है। मृतका के भाई हरिओम यादव ने बताया कि यतेंद्र के मथुरा की किसी युवती से अवैध संबंध थे। एक वर्ष पूर्व युवती के नाबालिग होने के कारण उसके स्वजनों ने पुलिस में शिकायत की तो उसे एक साल के लिए सस्पेंड कर दिया गया। अब बहाली के बाद से यतेंद्र पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। अवैध संबंधों के कारण दोनों में आये दिन विवाद होने लगा। आवास विकास कलोनी के जिस मकान में सरोज रहती थी, वो मकान उसके नाम था। यतेंद्र मकान बेचने का दवाब सरोज पर बना रहा था। २५ अप्रैल की रात यतेंद्र ने सरोज के भाई को फोन किया और कहा कि तेरी बहन को मैंने मार दिया है। लाश उठाकर ले जा। सरोज के भाई ने तत्काल बहन के मोबाइल पर फोन किया तो नहीं उठा। इसके बाद पुलिस को फोन कर सूचित किया तो पुलिस वाले बताए गए पते पर पहुंचे तो मकान के दरवाजे पर ताला लटका देखकर लौट गए। सोमवार सुबह मृतका का भाई और पिता शिकोहाबाद थाने पहुंचे और पुलिस को साथ लेकर आवास विकास कॉलोनी गए। अभी भी दरवाजे पर ताला लटका हुआ था। आसपास देखने पर मकान के पास बने जगले की खिड़की पर चाबी रखी हुई मिल गई। ताला खोलकर अंदर जाने पर देखा तो खून से लथपथ आंगन में सरोज की लाश पड़ी हुई थी। तीनों बच्चियां भी गायब थीं। सूचना पर फोरंसिक टीम पहुंची और बाराकी से जांच की जिसमे उन्होने बताया की मृतका को पहले गला दबाकर मारा गया है। और बाद मे उसके शरीर पर चार गोलिया दागी गई है। इस सम्बंध मे मृतका के भाई हरियोम यादव ने थाने मे मृतका के पति यतेन्द्र यादव और उसके पिता रामदत्त यादव और बहनोई हरेन्द्र के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग के साथ मारपीट कर हत्या कर देना के खिलाफ तहरीर दी है। एसपी आरए राजेश कुमार के अनुसार आरोपित सिपाही का किसी युवती से अवैध संबंध थे। इसके चलते पति– पत्नी दोनों में आये दिन विवाद होता था। मकान पत्नी के नाम होने से आरोपित सिपाही मकान बेचने का दवाब भी पत्नी पर बनाता था। वारदात स्थल से तीनों बच्चियां भी गायब हैं। आशंका है कि आरोपित ने बच्चियों के साथ कोई अनहोनी न कर दी हो। तहरीर आ गई है मामला दर्ज कर मामले की जांच चल रही है। आरोपित की तलाश में टीम लगा दी गई है।

### आखिर कहां गई तीनों पुत्रियां

मृतका सरोज देवी की तीन पुत्रियां हैं । जिसमें आकांक्षा(१०) , पारुल (०८) और अननया (०४) साल गई कहां। अब सवाल उठ रहा है कि सरोज की हत्या के बाद उसके तीन पुत्रियां आखिर कहां है। कहीं उनके साथ कोई अनहोनी तो नहीं हो गई । पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि तीनों बेटियों को आरोपी यतेंद्र यादव अपने साथ ले गया हो ।

### प्रेमिका के चक्कर में एक साल पहले हो चुका है सस्पेंड

अपनी मथुरा निवासी प्रेमिका के कारण कुछ वर्ष पूर्व अछनेरा थाने में तैनात यतेंद्र कुमार सस्पेंड भी हो चुका है । उस पर उसी प्रेमिका के घर वालों ने आरोप लगाया था कि वह उनकी पुत्री को अपने कब्जे में करना चाह रहा है । इसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन बाद में १६४ के बयान भी दर्ज हुए थे। साथ इसके खिलाफ कार्यवाही भी की गई थी ।

### घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से घटना के फुटेज किये डिलीट

घटनास्थल पर मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण राजेश कुमार , सीओ इंदु प्रभा सिंह मय फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने घर के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया। चौकिंग के दौरान पुलिस को फूटेज नहीं मिले। पुलिस ने बताया कि हत्या के समय कैमरों को या तो बंद कर दिया गया या फिर उनको डिलीट कर दिया गया हो। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी सरोज

मृतिका के पिता रामप्रकाश यादव ने बताया कि सरोज पांच भाई—बहनों रश्मी, हरिओम, अंशुल और अंकुल में सबसे बड़ी थी। वह एक अच्छे स्वभाव के अलावा सहनशील पुत्री थी।

## एटीएमओ से पैसे निकालने वाले दो शातिर गिरफ्तार, ३५ एटीएम बरामद

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने रविवार की रात क्षेत्र में गस्त के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में एटीएम व हजारों की नकदी भी बरामद की है। सोमवार को पुलिस ने खुलासा करते हुये बताया कि इन लोगों का एक गैंग है, यह लोग इन एटीएमओं के द्वारा दूसरे लोगों के खातों से पैसे निकालते थे। इन्होंने कई घटनाओं का इकवाल किया है। थाना सिरसागंज प्रभारी सुनील कुमार तोमर पुलिस टीम के साथ रविवार की रात्रि क्षेत्र में लॉकडाउन का पालन कराने के लिये गस्त पर थे तभी उन्होंने नगला राधे मोड़ से दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी तलाशी ली तो इनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के लगभग ३५ एटीएम बरामद हुये। पुलिस इन दोनों को थाने ले आयी। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों के नाम थाना मक्खनपुर के गांव साढूपुर निवासी संजय कुमार पुत्र मोहर सिंह व दीपक पुत्र कालीचरन बताये है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये अभियुक्तों ने कुछ दिन पूर्व खाताधारक भूपेन्द्र के खाते से ४० हजार व खातधारक पंकज के खाते से २० हजार की नकदी निकाली थी। वह दोनों एटीएम कार्ड भी इनके कब्जे से बरामद हुये है। इन्होंने इन दोनों ही घटनाओं का इकवाल किया है। एसपी ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त शातिर है। इनका एक गिरोह है जो एटीएमों के द्वारा लोगों के खातों से पैसे निकालता है। इनका आपराधिक इतिहास है।

## कोरोना फाइटर्स का आरएसएस के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

शिकोहाबादः आरएसएस के पदाधिकारियों ने नगर के स्टेशन रोड पर कोरोना फाइटर्स का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आरएसएस के पदाधिकारियों ने पुलिसकर्मियों, स्वास्थकर्मियों, सफाईकर्मियों को फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर सभी को फूलमाला व अंगोछा पहनाकर स्वागत करते हुए तालिया बजाकर सभी का उत्साह बर्धन किया। इस अवसर पर आरएसएस के पदाधिकारियों ने कहा कि आज की विषम परिस्थितियों में जिस प्रकार से देशके कोरोना फायटर्स अपने प्राणों की आहूतिया देकर देश की जनता की सुरक्षा कर रहे हैं। अब तक कई कोरोना फाइटर्स अपनी जिंदगी की जंग भी हार चुके हैं। ऐसे में हम सभी को उनका आभार जताना चाहिए। हम उनका उत्साह बर्धन करना चाहिए। इस मौके पर सुधीर तोमर, आशीष चौहान, मनोज तोमर, रविन्द्र कौशिक, सुशील जैन, शंशांक भदौरिया, सतीश कुमार, बृजेश कुमार, दीपाशु आदि स्वंय सेवक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तहसील प्रशासन ने बरसात से हुए नुकसान के लिए भेजी टीमें

शिकोहाबादः नगर में रविवार को हुई बरसात से क्षेत्र में किसानों की गेहू की फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। डाहिनी, निजामपुर गढूमा, डडियामई, चितावली, बिदरखा सहित कई क्षेत्रों में मौके पर पहुंचकर टीम ने नुकसान का जायजा लिया। आंशिक बरसात हुई है। लेकिन उसके बाद भी तहसील प्रशासन ने किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए टीम को रवाना किया। सभी क्षेत्रो में किसानों को ज्यादा नुकसान नही हुआ है। बरसात से फसलें जरूर भींग गई है जो तेज धूप निकलने पर दो से तीन दिन में ही सूख पाएगी। ज्यादातर किसानों ने अपनी फसलों की कटाई मडाई करके घर में रख लिया है। लेकिन वही लेट फसल करने वाले किसान की फसलें कटकर खेत में पडी हुई हैं। लेकिन शिकोहाबाद तहसील में फसलों में ज्यादा नुकसान नही हुआ है। इस बारे में एसडीएम नरेन्द्र सिंह का कहना है कि क्षेत्र में किसानों कों हुए नुकसान का जायजा के लिए टीम भेजी गई हैं। रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकेगा।

## सैनीटाईजेशन कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक महोदया खीरी द्वारा थाना गोला के सैनीटाईजेशन कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान समस्त पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों की थर्मल स्कैनर से स्क्रीनिंग कराकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा हेतु जरूरी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही कस्बा गोला स्थित शेल्टर होम्सध्आश्रय स्थल का भी निरीक्षण कर जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा कोरोना वायरस से सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## बघेल समाज ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए ११ हजार रूपये

शिकोहाबादः वीरंगना अहिल्या वाई होल्कर चेतना संस्थान के अध्यक्ष सरमन सिह धनगर ने मुख्यमंत्री राहत कोष में ११ हजार का चौक एसडीएम नरेन्द्र कुमार को सौंपा हैं।इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक महामारी ने सभी देश को परेशान कर दिया है। ऐसे में हम सभी को मिलकर सरकार का साथ देना चाहिए जिससे देश से कोरोना महामारी को भगाया जा सके। सरकार की मदद के लिए योगदान भी जरूर देना चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता रमाशंकर गुप्ता, फौरन सिह बघेल,रमेश बघेल, विक्रम सिह धनगर, ब्रजकिशोर, श्रीचंद्र बघेल, शिशुपाल बघेल आदि लोग मौजूद थे।

# १२ घण्टे से गायब बिजली सुबह ९ बजे हुई बहाल

## छुईमुई से भी नाजुक है छाउछ पावर हाउस की बिजली व्यवस्था

लखीमपुर खीरी। रविवार की शाम आये तेज आंधी पानी ने जनपद की विद्युत व्यवस्था को चरमरा कर रख दिया वहीं कई मोहल्लों की बिजली सप्लाई बन्द हो गयी जिसको बिजली कर्मचारियो ने कडी मेहनत के बाद बहाल कर पाये वहीं सीतापुर रोड के किशोर नगर कालोनी पिपरिया सहित तीन कालोनीयों में रविवार रात साढे नौ बजे से बिजली गायब हो गयी जो देर रात तक बहाल नहीं हुई इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा जेई राजेश कुमार एवं ईदगाह उपकेन्द्र पर सूचना देने के बाद भी बिजली आपूर्ति सही नहीं हुई।बिजली के न होने से रात भर लोग जागते रहे वहीं घरों में पानी की समस्या भी बन गयी और महिलाएँ बच्चे परेशान हो गये।सुबह से सभी अधिकारियों को फोन करके लोग परेशान हो गये तब जाकर सुबह नौ बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।बिजली विभाग की लापरवाही के चलते लक डाउन में उपभोक्ता परेशान हैं। बताते चलें कि छाउछ पावर हाउस के फीडर पर अगर जरा सी हवा चल जाए तो बिजली की आंख मिचौली जारी हो जाती है।वहीं सैकड़ों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाते हैं मगर बिजली विभाग को इसका जरा सा भी असर पड़ने वाला नहीं है।पावर हाउस की बिजली छुईमुई से भी ज्यादा नाजुक हो गयी है फिर भी थोडी सी हवा चलने पर बिजली नहीं मिल पा रही है। बताते चलें कि बीती रात जरा सी हवा चल जाने से रात भर बिजली गायब रही।वही सुबह १० बजे के करीब बिजली तो आई लेकिन बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी राहत नहीं मिल सकी जिससे उपभोक्ताओं में काफी ज्यादा रोज व्याप्त है। उधर बिजली विभाग के अधिकारियों का फोन तक नहीं रिसीव होता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों के पास अगर फोन मिलाया जाए तो कई बार फोन जाने पर भी रिसीव नहीं होता है जबकि ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती ना की जाए फिर भी लगातार बिजली कटौती जारी है।लक डाउन के चलते घर में ठहरे लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं। मगर जिम्मेदार लोग इसे गंभीरता से नहीं देखते हैं।

# तिगुने रेट पर बिक रहा पान मसाला

मितौली–खीरी। सरकार के आदेश को दरकिनार कर किराना व्यापारी सरकार के प्रतिबंध के बाद भी गुटका बेचा जा रहा है। जिसकी कीमत तीन गुनी हो गई है अर्थात् तिगुने रेट पर गुटखा बेचा जा रहा है। बताया जाता है कि कस्बे के अटल किराना स्टोर,रामसागर राठौर,परमेश्वरदीन किराना स्टोर,माखन लाल किराना स्टोर सहित कई बड़े दुकानदार कर रहे गुटखा आदि उत्पादों की कालाबाजारी में लगे हुए हैं। १७५ रुपए में बिकने वाले कमलापसंद का पैकेट ४०० से ४५० रुपए का बिक रहा है । इसी तरह बिजुआ के ग्राम पंचायत मलूकापुर कला में धड़ल्ले से खुलेआम बिक रहा है। जिस गुटखा जिसकी कीमत कुछ दिन पहले ६२ ६३ ६४ रुपये थी आज वह दुकानदार अपनी मनमानी से बेच रहे हैं मनचाही कीमत वसूल कर रहे हैं। आज एक दुकानदार के यहां से सिस्टम गुटखा खरीद कर ले जा रहा कस्टमर से पूछा गया तो उसने बताया कि सिस्टम गुटखा ६१५ का, एक श्यामल की पुड़िया ६१५ की एक बिक रही है। इसी प्रकार बीड़ी सिगरेट की भी शार्टेज बताकर दुगुने दाम वसूले जा रहे हैं। औरंगाबाद खीरी प्रतिबंधित पान मसाला की बिक्री जोरों पर जबसे लकडाउन हुवा है तभी से ब्लैक में गुटखा खूब बेंचा जा रहा है। मैगलगंज क्षेत्र के लोगों को गुटखा लेना होता है तो वह व्यक्ति पहले फोन करके यह कहता कि यह आदमी अपना है दे देना फिर शुरू होता है चौन सिस्टम औरंगाबाद तिराहे पर परचून के दुकान वाले शैलेश नाम व्यक्ति पैसे लेकर खरीदार को तिराहे पर ही रोक दिया जाता है और फिर शैलेश स्वयं जाकर जिला पंचायत कालेज के आस पास के दुकानदार अखिलेश व बिमल से गुटखा आ जाता है जिसकी कीमत ६०० रुपये तक वसूली जा रही है।

# हरियाणा से 352 श्रमिक पहुंचे खीरी, 14 दिन स्क्रीनिंग होम्स में रहेगे कोरेन्टाइन

लखीमपुर खीरी। हरियाणा राज्य से १३ बसों के माध्यम से ३५२ श्रमिक जनपद मुख्यालय पहुंचें। जहां जिला प्रशासन ने चार मैरिज हालों में उन्हें ठहराया और उन्हें भोजन कराते हुए उनका चिकित्सीय परीक्षण कराकर उन्हें उनकी सम्बन्धित तहसील मुख्यालयों में बने स्क्रीनिंग होम्स में कोरेन्टाइन करने के लिए भेज दिया गया है। जनपद में आये इन ३५२ श्रमिकों में से ५५ तहसील सदर के, गोला के ६८, मितौली के ५६, धौरहरा के ५८, निघासन के ३१, पलिया के १४ व मोहम्मदी के ६७ श्रमिक है। हरियाणा से आये इन श्रमिकों को जनपद मुख्यालय स्थित चार मैरिज हालों में रूकवाया गया था, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने वहां पहुंचकर श्रमिकों का कुशल क्षेम जाना और उन्हें सोशल डिस्टेंनिसंग के बारे मे जागरूक करते हुए अवगत कराया कि कोरोना संक्रमण के बचाव के दृष्टि गत सभी अपनी अपनी तहसील मुख्यालय पर बने स्क्रीनिंग होम्स में अगले १४ दिनों तक अनिवार्य रूप से रहना है। इस स्क्रीनिंग होम्स में इनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

# रास्ते और नालियों का बुरा हाल

सिंगाही–खीरी। देशभर में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ३ मई तक का लाक डाउन किया है। इसके साथ ही सार्वजनिक जगहों को कोरोनावायरस और अन्य संक्रमण बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए सैनिटाइजर किया जा रहा है। जिससे किसी प्रकार की बीमारी लोगो मे ना उत्पन्न हो, किंतु सिंगाही क्षेत्र के कई क्षेत्र अभी भी इससे अछूते हैं। आपको बताते चलें कि विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला में जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते ना ही गंदगी और ना ही सैनिटाइजर की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत में अभी तक कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत सिंगहा कला इन दिनों साफ सफाई की कमी की दुर्दशा झेल रहा है। यहां के रास्ते और नालियों का बुरा हाल है, कूड़ा करकट का अंबार देखकर ग्राम प्रधान की उदासीनता साफ तौर पर उजागर हो रही है। गांव में चारों ओर गंदगी के अंबार लगे हुए हैं जिससे गांव में कई तरह की संक्रमित बीमारियों का अंदेशा बना हुआ है। गांव का हर व्यक्ति इस दुर्दशा के लिए ग्राम प्रधान समेत जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार मानता है।, गांव में कई जगह गंदगी के ढेर और सफाई ना होने से, बदबू से ग्राम पंचायत के लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है।जिससे लोगों को भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। लेकिन इतना सब होने के बावजूद भी ग्राम पंचायत में ना तो कूड़ा करकट और ना ही नालियों की सफाई और ना ही सैनिटाइजर किया गया हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते इस गांव में अभी तक दवा का छिड़काव नहीं किया गया।

# कोरोना पॉजिटिव मामले शतकीय पारी के निकट पहुंचे

## फिरोजाबाद में फिर फटा कोरोना बम, संक्रमितों की संख्या पहुंची ९६

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में हर रोज कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या तेजी से लगातार बढ़ रही है। एक बार फिर कोरोना का बम फटा है। रविवार देर रात आई रिपोर्ट में एक ही परिवार के ६ सदस्यों सहित १७ नये मामलों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है, क्योंकि यह आंकड़ा अभी तक के आ रहे आंकड़ों में पहली बार सबसे अधिक आया है। इसके साथ ही अब तक जिले में कोरोना पॉजीटिव मामलों की कुल संख्या ९६ हो गई है। वहीं सौ शैय्या अस्पताल में कार्यरत १६ कर्मचारियों की रिपोर्ट नेगेटिव आने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। वहीं इस समय एक्टिव केसों की संख्या ८७ बताई जा रही है क्योंकि ८ लोग ठीक हो चुके एवं एक की मौत हो चुकी है। इधर डीएम व एसएसपी भी पूरी तत्परता से जुटे हुए नजर आ रहे हैं। फिरोजाबाद जनपद में कोरोना के मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है। सीएमओ डॉ. एसके दीक्षित ने बताया कि रविवार रात को सैफई पीजीआई से आई रिपोर्ट में १७ केस पॉजिटिव केस मिले हैं। नये मामलों में एक ही परिवार के ६ सदस्यों की पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। वहीं तीन लोग चौकीगेट मुहम्मदगंज क्षेत्र में पहले से कोरोना संक्रमित वृद्ध के परिवार के संपर्क में आने से हुए है। दो लोग संक्रमित हॉट स्पॉट क्षेत्र राही नगर के रहने वाले हैं। इसके अलावा ६ और लोग मिले हैं। ये भी कोरोना संक्रमित के संपर्क में आए थे। पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद सभी को क्वारंटीन वार्ड से आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम इन संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों को ट्रेस करने में जुट गई है। वहीं नगर निगम की टीमों से सेनेटाइज कराया जा रहा है। वहीं एक राहत भरी खबर भी आई है। सौ शैय्या अस्पताल में कार्यरत स्त्री एवं प्रसूति रोग से जुड़े १६ स्वास्थ कर्मियों की रिपोर्ट नगेटिव आई हैं। सौ शैय्या महिला अस्पताल में प्रसव कराने वाली महिला बाद में कोरोना संक्रमित मिलने पर मेडिकल स्टाफ का परीक्षण करा कर सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इधर डीएम चंद्र विजय सिंह ने बताया कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है । लोगों को चाहिए कि वे अब संभल जाएं। लोग घरों में रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। कोरोना की चेन को ब्रेक करने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**एक ही परिवार के ६ सदस्यों सहित १७ और मिले पॉजीटिव ?**

# कोरोना से ७२ वर्षीय बुजुर्ग की मौत

लखनऊ। पीजीआई के अस्पताल में कोरोना से संक्रमित ७२ वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक किडनी व अन्य बीमारियों से पीड़ित था। श्रावस्ती के रहने वाले बुजुर्ग को दो दिन पहले ही लखनऊ के पीजीआई में भर्ती करवाया गया था। इससे पहले बुजुर्ग लखनऊ के ही चंदन हस्पिटल में भर्ती था, जहां प्राइवेट लैब की जांच रिपोर्ट में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई थी।अइस दौरान चंदन अस्पताल की बड़ी लापरवाही भी सामने आई। बुजुर्ग में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने सीएमओ को इसकी सूचना नहीं दी। लापरवाही पकड़े जाने के बाद भी अभी तक अस्पताल पर किसी तरह की कोई कार्यवाई नहीं हुई है।

# सरकार के आदेश की अवहेलना करती नजर आ रही है नगर पंचायत

लखीमपुर–खीरी। सरकार की मंशा है कि कोई भी भूँखा न रहे इस के लिए नगर पालिका नगर पंचायत प्रधान चेयरमैन आदि को आदेशित किया गया परन्तु नगर पंचायत बरवर में नगर पंचायत द्वारा कोई रसोई सुविधा अभी तक शुरू नही की गई जिसके चलते गरीब खुद्दार लोगों को भूँखा ही रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। यदि दूसरे जगह की तरह नगर पंचायत यहां भी रसोई की सुविधा देने लगे तो ऐसे में गरीब लोग कम से कम पेट तो भर सकेंगे। क्योंकि कुछ लोगों को मांगने में शर्म लगती है।

# कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देश

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा सम्पूर्ण शहर क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात विभिन्न पीआरवी वाहनों के सैनिटाइजेशन व साफ–सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा पुलिसकर्मियों को सतर्कता व सावधानी बरतते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण से स्वयं को सुरक्षित रखकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देश दिये गये।

# शिक्षा विभाग का फैसला शैक्षणिक सत्र २०२०-२१ के लिए शुल्क में नहीं की जाएगी वृद्धि

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से अभिभावकों के हित में सोमवार को बड़ा फैसला लिया गया है। इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियो को प्रमुख सचिव माध्यमिक आराधाना शुक्ला की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का इस बात की निगरानी रखनी होगी कि कोई भी स्कूल कॉलेज शैक्षिक सत्र २०२०–२१ में फीस बढ़ोत्तरी नहीं कर सकेगा। प्रमुख सचिव ने ये आदेश उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा की ओर से आयोजित बैठक के बाद जारी किया है। आदेश के मुताबिक शैक्षणिक सत्र २०१९२० में नए प्रवेश तथा प्रत्येक कक्षा के लिए बताए गए शुल्क संरचना के अनुसार ही शैक्षणिक सत्र २०२० २१ में छात्र छात्राओं से शुल्क लिया जाएगा। इस बारे में उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए छात्रों और अभिभावकों के हित में शैक्षिक सत्र २०२०२१ में विद्यालयों द्वारा शुल्क वृद्धि ना किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख



सचिव माध्यमिक शिक्षा,आराधना शुक्ला की ओर से जिलाधिकारियों को जारी आदेश सभी स्कूलों पर लागू होगा। प्रमुख सचिव ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक विनय कुमार पाण्डेय को भी आदेश जारी करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से आयी परेशानी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में संचालित सभी बोर्डों प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसइई) भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (आईसीएसई), इंटरनेशनल बेक्कलरेट (आई बी) और इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट आफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईजीसीएसई) के द्वारा शैक्षणिक सत्र २०२०२१ के लिए शुल्क में वृद्धि नहीं की जाएगी साथ ही शैक्षणिक सत्र २०१९२० में नए प्रवेश तथा प्रत्येक कक्षा हेतु बताए गए शुल्क संरचना के अनुसार ही शैक्षणिक सत्र २०२०२१ में छात्र/छात्राओं से शुल्क लिया जाएगा। प्रमुख सचिव के मुताबिक जो स्कूल कॉलेज अधिक फीस अभिभावकों से वसूल चुके हैं वह आगामी फीस में उसको शामिल करें, उन्होंने कहा कि अभिभावकों को किसी भी हाल में परेशान न किया जाये। इसके साथ ही स्कूल संचालन के दौरान किसी भी बच्चो को न तो शिक्षा से वंचित किया जायेगा न ही उसका नाम काटा जा सकता है।

# कनिका कपूर को बयान दर्ज कराने के लिए मिला नोटिस

लखनऊ। बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर का पिछले महीने कोरोना परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद हुए विवाद के बाद अब लखनऊ पुलिस ने उनके घर पर एक नोटिस चिपकाया है।



इस नोटिस में उनका बयान दर्ज करने के लिए कहा गया है। कनिका कपूर पर आईपीसी की धारा २६९ (जीवन के लिए खतरनाक बीमारी के संक्रमण को फैलाने की लापरवाही करना) और आईपीसी की धारा २७० (घातक खतरनाक बीमारी के संक्रमण के फैलने की संभावना) के तहत आरोप लगाए गए हैं। कृष्णा नगर के एसीपी दीपक कुमार सिंह ने कहा है कि गायक को पुलिस स्टेशन में आना होगा और अपना लिखित बयान देना होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को कनिका ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना इलाज करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया था। उसने यह भी लिखा है कि कई अफवाहें फैल रही थीं और वह पूरी तरह से जागरूक थीं और जानती थीं कि कुछ सूचनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। कनिका के मुताबिक वह १० मार्च को यूके से मुंबई पहुंची। इस दौरान उसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्कैन किया गया था। उस समय तक कोई भी ऐसी सलाह नहीं दी गई थी कि उसे खुद को क्वारंटीन करने की आवश्यकता हो। जब वह ११ मार्च को अपने परिवार से मिलने लखनऊ आई थी, तब घरेलू उड़ानों के लिए कोई स्कैनिंग सिस्टम नहीं था। इसके बाद १४ और १५ मार्च को, कनिका अपने दोस्तों के साथ लंच और डिनर पर गई थी। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन, मुंबई और लखनऊ में उनके साथ संपर्क में आए सभी लोग स्वस्थ हैं और उनकी रिपोर्ट भी निगेटिव आई है।

# ऑनलाइन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का होगा आयोजन

लखनऊ। कोविड–१९ के कारण देश दुनिया में खेल गतिविधियां ठप्प चल रही हैं लेकिन इस बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की एक ताइक्वांडो अकादमी ने आनलाइन प्रतियोगिता की पहल कर नवोदित खिलाड़ियों में उत्साह का संचार कर दिया है। लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी के सचिव मोहित कुमार ने सोमवार को बताया कि उनकी अकादमी और सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में ३० अप्रैल से तीन मई के बीच पहली आनलाइन ताइक्वांडो प्रतियोगिता खेली जायेगी जिसमें शहर के १२ स्कूल एवं क्लब शामिल होंगे। मोहित ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने एक्शन की क्लिप व्हाट्सएप पर लोड करेंगे। सर्वश्रेष्ठ एक्शन वाले खिलाड़ियों को अगले चरण के लिये न सिर्फ चयनित किया जायेगा बल्कि इसी आधार पर विजेता और उपविजेता का फैसला किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची तीन मई तक जारी की जाएगी। प्रतियोगिता निर्णायक के रूप में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के सचिव राजकुमार एवं प्रदेश संघ के उपाध्यक्ष आनंद मणि जुगरान, ओडिशा ताइक्वांडो संघ के सचिव संतोष मोहंती, हरियाणा ताइक्वांडो संघ के सचिव मनोज कुमार, लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी के अध्यक्ष राम किशोर चौबे रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपना रजिस्ट्रेशन २७ से ३० अप्रैल के बीच कराना होगा।


# नए घर के बाहर नेम प्लेट के बजाय लोगो लगाना चाहती थीं तापसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपने नए घर में शिफ्ट होने से संबंधित एक किस्सा साझा किया है। उन्होंने कहा कि अपनी महत्वाकांक्षाओं को उंची उड़ान देने के लिए उनकी हमेशा से यह चाह थी कि वह अपने घर के बाहर नेम प्लेट के बजाय कोई लोगो लगाएं। तापसी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की हैं, जिसमें उन्हें अपने घर के दरवाजे के आगे पोज देते हुए देखा जा सकता है, जिसके कैप्शन में वह लिखती हैं, यह वह दिन था जिस दिन मुंबई में मेरा अपार्टमेंट पूरा बनकर तैयार हुआ था, इंटीरियर से जुड़ा सारा काम भी खत्म हो गया था। यह बेहद अजीब था कि जब मैं 'मनमर्जियां' की शूटिंग के लिए रवाना हुई थी, मैं उस वक्त अपना पुराना अपार्टमेंट छोड़ चुकी थी, जिसे मैंने तब किराए पर लिया था, जब मैं पहली बार मुंबई आई थी और जब तक मैं शूटिंग खत्म कर वापस आई, मैं अपने नए अपार्टमेंट में गई। वह आगे कहती हैं, मुझे उस वक्त इस बात का एहसास हुआ कि आप चाहें कितना ही कुछ क्यों न कर लें, घर तब तक ही घर बना रहता है, जब उसमें आपका परिवार रहता है, जो इसे एक घर में तब्दील करते हैं। यह वही नीले रंग का दरवाजा है, जिसे मैं अपने घर के लिए चाहती थी और अपनी महत्वाकांक्षाओं को उंची उड़ान देने के लिए घर के बाहर नेम प्लेट की जगह मैंने हमेशा से एक लोगो रखना चाहा।



# अमिताभ बच्चन के घर में घुसा चमगादड़

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपने घर में चमगादड़ के घुस जाने से अचंभित हैं। अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ लगातार जुड़े हुए हैं। वह लोगों को कोरोना से सुरक्षा के लिए जागरुक करते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि उनके कमरे के अंदर एक चमगादड़ घुस आया है। अमिताभ ने सोशल मीडिया पर लिखा , देवियों और सज्जनों इस घंटे की न्यूज ब्रेकिंग न्यूज क्या आप विश्वास करेंगे एक चमगादर मेरे कमरे में घुस आया. जलसा में.. तीसरे फ्लोर पर मेरे घर में बड़ी मुश्किल से उसे बाहर निकाला कोरोना पीछा छोड़ ही नहीं रहा। गौरतलब है



कि ऐसा माना जा रहा है कि कोरोना वायरस चमगादड़ से इंसानों में पहुंचा है। हालांकि इसका कोई साक्ष्य अब तक सामने नहीं आया है।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक